







## खबर संक्षेप

### लाटाबोड़ग्राम डुंडेरा में 6 को होगा देव मड़ई

**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा में नववर्ष के अवसर पर 6 जनवरी को देव मड़ई का आयोजन किया जाएगा। सरपंच छविलाल कोर्राम ने बताया ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन नवा किरण नाच पार्टी भंडारपुर (राजनांदगांव) वाले अपनी प्रस्तुति देंगे। आश्रित ग्राम लासाटोला में जय अंबे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचेकोहडा (अंबागढ़ चौकी) का आयोजन रखा गया है।

### किसानों ने अब तक बेचा 741 करोड़ 47 लाख का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 190 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 82 हजार 273 किसानों द्वारा कुल 03 लाख 38 हजार 338 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 741 करोड़ 47 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 02 लाख 73 हजार 391 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 02 लाख 12 हजार 921 मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 25 हजार 416 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5471 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21,685 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### एक साल से सेवाकार्य से अनुपस्थित चतुर्थ श्रेणी कर्मी को नोटिस जारी

**बालोद।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय में लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी खेवेन्द्र कुमार निषाद को अपने कार्य पर उपस्थित होने का अंतिम सूचना समाचार पत्रें के माध्यम से दिया गया है।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने अंतिम सूचना जारी कर कहा है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी खेवेन्द्र कुमार निषाद आत्मज स्व. भेखराम निषाद की मूल पदस्थापना जिले के डौण्डी विकासखण्ड के पशु औषाधालय आमाडुला में है। उन्हें कार्य सुविधा एवं कर्मचारी की कमी को देखते हुए पशु चिकित्सालय दल्लीराजहरा में कार्य करने हेतु 07 नवंबर 22 द्वारा निर्देशित किया गया। वे 02 जुलाई 2023 से लगातार अपने कत्तर्व्य से निरंतर अनुपस्थित है। उप संचालक ने एक सप्ताह के भीतर अनुपस्थिति अवधि का कारण बताते हुए अपने कार्य में उपस्थित होने को कहा है। निर्धारित समयावधि तक निषाद के कार्य में उपस्थित नहीं होने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की होगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज ग्राम अमोरा-लिमोरा में

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत आज विकासखण्ड के ग्राम अमोरा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम लिमोरा में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम राघोनवागांव एवं कोड़ेकसा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम रीवागहन एवं चिखली में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कजराबांधा में 10 बजे एवं मटिया ह में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के ओझागहन में 10 बजे एवं सनौद में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के आड़ेझर में 10 बजे एवं कोटागांव में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा, हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

**हितग्राहियों को मिल रहा लाभ :** जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 792 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 74 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 122 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 68 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 65 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 34 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। बालोद विकासखण्ड के ग्राम तमोरा एवं निपानी और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कुंआगांव, खड़बत्तर, पीपरखार एवं मनकी सा तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुरसुल एवं बघेली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोसागोंदी एवं मोहारा तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम एवं मरकाटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

**आयुष्मान कार्ड के साथ गैस कनेक्शन का वितरण :** शिविर में विकासखण्ड के ग्राम तमोरा में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 35 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 35 हितग्राहियों का नया ▶▶| शेष पेज 11 पर

समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े हितग्राही को मिल रहा योजनाओं का लाभ





## राहत : कृषकों ने राज्य सरकार का जताया आभार

# धान का बकाया बोनस किसानों को मिला गांवों में उत्साह का माहौल, कृषक खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 का एक साथ 02 वर्ष की बोनस राशि मिलने से पूरे राज्य की भांति बालोद जिले के कृषकों में भी सर्वत्र हर्ष व्याप्त है।

जिले के किसानों ने राज्य सरकार के इस निर्णय को किसान हितैषी बताते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की भूरी–भूरी प्रशंसा की है। इसी क्रम में जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट के कृषक निजाम सिंह कोर्राम ने उसे एक साथ 02 वर्ष की 02 लाख 12 हजार 880 रूपए की कुल बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कृषकों के जीवन में आएगा सुधार

किसान निजाम सिंह कोर्राम ने छत्तीसगढ़ सरकार के किसान हितैषी निर्णय के फलस्वरूप उन्हें एक साथ बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के किसानों को वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के बकाया बोनस राशि का भुगतान कर राज्य के अन्नदाता किसानों का वास्तविक सम्मान करने का कार्य किया है। राज्य सरकार की इस जनहितैषी निर्णय की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए श्री कोर्राम ने बताया कि वर्तमान में उसके पास कुल 85 एकड़ खेती योग्य जमीन है। उन्होंने वर्ष 2014–15 में 152 क्विंटल 40 किलोग्राम एवं 2015–16 में 557 क्विंटल 20 किलोग्राम समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री की है।

### किसानों ने जताया राज्य सरकार का आभार

श्री कोर्राम के अलावा नयापारा बालोद के किसान मनोज साहू, ग्राम हीरापुर के किसान चन्नुलाल साहू, ग्राम चरोटा के किसान कांशीराम एवं ग्राम देवारभाट के किसान गोपीराम देवांगन ने भी राज्य शासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए आभार जताया है। सभी कृषकों ने कहा कि सही वक्त में बोनस राशि मिलने पर हम सभी किसान बहुत ही प्रसन्नचित हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके आभार व्यक्त किया है।



### बोनस के रूप में मिली 2 लाख से अधिक की राशि

जिसके फलस्वरूप मुझे छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा कुल 02 लाख 12 हजार 880 रूपए के रूप में 02 वर्ष की बकाया बोनस राशि प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को धान बोनस राशि वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बोनस की राशि राज्य के किसानों के खाते में अंतरित किए जाने के तुरंत पश्चात मुझे बोनस की राशि मिल गई। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में धान की बोनस राशि प्राप्त होना, हम किसानों के लिए अत्यंत फायदेमंद है। इसका उपयोग हम सभी किसान अपने खेती किसानी एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वे इस राशि का उपयोग मकान बनाने के अलावा खेती-किसानी एवं घर के अन्य जरूरी कार्यों के लिए करेंगे। किसान श्री कोर्राम ने कहा कि सही वक्त में इतनी बड़ी राशि मिलने से हम सभी किसान इसका सदुपयोग भी कर सकेंगे।

# केवाइसी के लिए आ रहे ग्राहकों को जबरदस्ती बेचा जा रहा गैस पाइप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में गैस केवाईसी कराने तथा सुरक्षा के नाम पर घरेलू गैस पाईप पांच साल में बदलने के नाम पर तथा बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर लोगों को जबरदस्ती पाईप थमाया जा रहा है।

- ग्रामीणों का आरोप पाइप न लेने पर केवाईसी नहीं की जा रही

इसके पीछे ग्राहकों को सुरक्षा कारण बताया जा रहा है और पाईप न लेने पर केवाईसी न करने की भी शिकायत सामने आ रही है। इसके चलते ग्राहकों को मजबुरी में 60 रूपए की पाईप 200 रूपए में खरीदना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है गांव-गांव में गैस वितरण करने आने वाले एजेंसी के लोग चौक-चौराहे में ही गैस के साथ पाईप महंगे दामों में प्रदान कर देते हैं, वे घर भी देखने नहीं आते की हमारा पाईप नया है कि पुराना हो चुका है। कई ग्रामीणों ने कुछ माह पहले ही पाईप बदला और उनके घरों में पहले से ही पाईप रखा हुआ है। वितरकों को कहने पर मनमानी करते हुए पाईप न लेने पर गैस प्रदान न करने का डर दिखाया जाता है, जिससे मजबूरन लोगों को पाईप खरीदनी पड़ रही है।

### 5 वर्ष में पाइप बदलना जरुरी

इण्डेन एजेंसी के संचालक ने बताया की 5 वर्ष से ज्यादा होने के पश्चात एक्सपायर होने पर ही पाईप बदला जा रहा है। जिसके लिए 190 रूपये वसूल किया जा रहा। जिसकी जानकारी मोबाइल से लोगों को प्राप्त हो रही है। वहीं केवाईसी का फॉर्म पंचायतों के माध्यम से भरा जा रहा जो पूर्णतः निःशुल्क है।

# गुरेदा एनएसएस शिविर में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम गुरेदा में वीर बाल दिवस मनाया गया। अपने माता-पिता, गुरु और धर्म के संस्कारों के प्रति अडिगता के कारण बाल्यकाल में ही निर्ममतापूर्वक मार दिए गए दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की स्मृति में वीर वाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला।

- गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने धर्म के लिए हंसते–हंसते दिया था बलिदान

इस अवसर पर उपस्थिति राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि सिखों के अंतिम गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने अत्यंत कम उम्र में ही अकल्पनीय पीड़ा सही, किन्तु वे अपने सिद्धांतों के प्रति अडिग रहे और अपने माता-पिता के संस्कारों और धर्म को छोड़ने के बजाय मृत्यु को हंसते-हंसते अपना लिया। इतिहास की यह घटना बहुत ही क्रूरतम रही, किन्तु हम इस घटना में बलिदान हुए हमारे वीर बालकों से अपरिचित थे। उन्होंने अपना सर्वोच्च त्याग किया। हमारे इतिहास की घटना से हमें अपरिचित रखने का प्रयास किया गया। किन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन साहबजादों के बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने का आह्वान किया गया है।




इस अवसर पर संजय शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, डॉ. मेघराज साहू छतीसगढ़ राज्य प्राकृतिक चिकित्सा संयोजक, डॉ. निर्मला गुप्ता, भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (आईएनओ), अविनाश जी सहायक जिला संयोजक, (आईएनओ) तोरण कुमार कुंभकार (विजिवल आर्ट), मोहित साव सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग कमलेश पाण्डेय व समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए 4 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

एकीकृत बालविकास परियोजना कार्यालय द्वारा जारी आदेश दिनांक 20 दिसंबर में कुल 15 मिनी केंद्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र में अपडेट करने के फलस्वरूप 15 नवीन आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन दिनांक 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक समय शाम 5 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय देवरी में जाकर अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

रिक्त पदों के लिए सभी 15 केन्दों में एक एक पदों पर भर्ती होनी है, जिनमें देवरी केंद्र क्रमांक 04, मार्री केंद्र क्रमांक 04, भंडेरा केंद्र क्रमांक 04, आलीखूंटा केंद्र क्रमांक 02, गणेश खपरी केंद्र क्रमांक 02, डुमरघुंचा केंद्र क्रमांक 01, खामतराई केंद्र क्रमांक 04, सिर्राभांठा केंद्र क्रमांक 02, पिनकापार केंद्र क्रमांक 04, बोरी केंद्र क्रमांक 01, मनकी सु.केंद्र क्रमांक 02, खेरथा बाजार केंद्र क्रमांक 04, फरदफोड केंद्र क्रमांक 05, भीमकन्हार केंद्र क्रमांक 04, छोटा पिनकापार केंद्र क्रमांक 01, शामिल हैं। सभी उल्लेखित केंद्रों में 15 महिला सहायिका की भर्ती की जानी है। इच्छुक योग्य उम्मीदवार कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में निर्धारित आवेदन तिथि तक जमा कर सकते हैं।

# शीतला माता मंदिर से निकलेगी अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में अक्षत कलश की भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। रथ में आकर्षक झांकी व राम सीता लक्ष्मण की प्रतिमा होगी। शोभायात्रा में मातृ वर्ग सिर पर कलश लेकर नगर भ्रमण करेंगी। यह आयोजन दोपहर 12 बजे गंगासागर स्थित शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होगी। कलश शोभायात्रा में जिले भर की महिलाएं व रामायण मंडली शामिल होगी।

इस आयोजन की सफलता के लिए बुधवार को रामजन्मभूमि तीर्थ घर घर संपर्क अभियान समिति सदस्य व विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति व दूर्गावाहिनी के साथ ही हिन्दू संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शोभायात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं एवं पुरूषों को भगवा व पीले कलर के परिधान में शामिल होने की अपील की गई है। वहीं नगरवासियों से कलश शोभायात्र के दौरान पुष्प वर्षा व आरती किए जाने का आव्हान किया गया। नगर के हिन्दू संगठनों द्वारा फल वितरण व चौक-चौराहों पर स्वागत एवं अक्षत कलश की पूजा-अर्चना की जाएगी। नगर को तोरण पताका से भव्यता के साथ सजाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।

22 जनवरी को अयोध्या नगर में बने नए राममंदिर में प्रभु श्री रामजी गर्भगृह में विराजमान होंगे, इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए बालोद जिला में तैयारी आयोजन को लेकरजिला संयोजक हेमंत गजेंद्र व जिला ▶▶| शेष पेज 11 पर

## फरियादियों की बढ़ी परेशानी, फिर शुरू करने की मांग

# एक वर्ष पूर्व कलेक्टोरेट आने-जाने शुरू की गई ई-रिक्शा की सुविधा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर परिसर आने-जाने के लिए एक वर्ष पहले ई रिक्शा वाहनों की सुविधा प्रशासन द्वारा प्रदान की गई थी। लेकिन अब यह सुविधा कलेक्टर परिसर आने-जाने वाले लोगों को नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण कलेक्ट्रेट कार्यालय आने वाले लोगों को अपनी सुविधा व साधन से यहां पहुंचना पड़ता है।

प्रशासन द्वारा एक वर्ष पहले तीन ई रिक्शा महिलाओं को प्रदान कर झलमला चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक इसकी शुरुआत की गई थी, लेकिन यह सुविधा अब लोगों को नहीं मिल पा रही है।

### रोजाना सैकड़ों फरियादी पहुंचते हैं कलेक्टोरेट

जिसके कारण कलेक्ट्रेट कार्यालय आने जाने वाले सैकड़ों लोगों को पैदल ही सफर तय करना पड़ता है या फिर अन्य राहगीरों से लिफ्ट का सहारा लेना पड़ता है। जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय मे रोजाना ही सैकड़ों लोग कागजों की फाइलों में अपनी समस्या या मांग की फरियाद लेकर जिले के मुख्य अधिकारीयों से मिलने पहुंचते है। लेकिन लोगों के पास पर्याप्त वाहनों की सुविधा नहीं होने के कारण समय में कार्यालय नहीं पहुंच पाते और उन्हें दोबारा अपनी फरियाद लेकर निजी वाहनों की व्यवस्था कर अन्य लोगों के साथ में आना पड़ता है, जिससे कारण उन्हें पेट्रोल-डीजल, नाश्ता-पानी सहित अन्य तरह के खर्च का भी भुगतान करना पड़ता है।



### एक वर्ष पहले शुरू हुई थी सुविधा

एक वर्ष पहले ग्राम झलमला चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक ई रिक्शा की शुरुआत पूर्व कलेक्टर गौरव कुमार सिंह द्वारा राहगीरों की समस्याओं को ध्यान में रखकर की गई थी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महिलाओं को ई रिक्शा प्रदान कर की गई थी। जिससे कलेक्ट्रेट कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारियों के साथ ही जिले भर से पहुंचने वाले आंगतुक लोगों को इसकी सुविधा मिल सके। जिससे उन्हें मुख्यमार्ग से कलेक्ट्रेट कार्यालय आने जाने मे कोई तकलीफ न हो। लेकिन यह सुविधा बीते कई महीनों से लोगों को नहीं मिल पा रही है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# पुलिस के हजारों पदों पर भर्ती के लिए नए सिरे से आवेदन, 1 जनवरी से ऑनलाइन लिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस में छह हजार से अधिक आरक्षकों के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया नए सिरे से होगी। पूर्व में जारी भर्ती प्रक्रिया के तहत लिए गए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पुलिस मुख्यालय ने अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। अब नए सिरे से 1 जनवरी 2024 से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक रखी गई है।

**जिला पुलिस बल के हैं 5 हजार 967 पद**

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती के 5 हजार 967 पदों पर भर्ती के लिए पूर्व सरकार के कार्यकाल में 4 अक्टूबर को विज्ञापन जारी किया गया था। इस विज्ञापन में इच्छुक अभ्यर्थियों से 20 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे थे, लेकिन अब पुलिस मुख्यालय ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए इस ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब इन पदों के लिए नए सिरे से आवेदन लेने की तारीख तय की गई है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक रखी गई है।

## पिछली सरकार में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया स्थगित




### सशस्त्र बल में 133 पदों पर भर्ती

*पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के आरक्षक बैंड, आरक्षक श्वान दल, सहायक प्लाटून कमांडर नर्सिंग, मेल नर्स, फीमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, कंपाउंडर, ड्रेसर, सीधी भर्ती के 133 पदों के लिए भी 6 अक्टूबर से प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इस विज्ञापन के संबंध में राज्य के स्थानीय निवासियों से 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। पुलिस मुख्यालय ने यह भर्ती प्रक्रिया भी अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित की है। अब इन पदों के लिए भी नए सिरे से आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए भी 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक का समय रखा गया है।*

## खबर संक्षेप



### सीएम को रामनामी बड़े भजन मेला का न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार को राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ रामनामी रामराम भजन संस्था के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सक्ती जिले के जैजैपुर नगर पंचायत में आयोजित रामराम बड़े भजन मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर राम सिंह रामनामी, तिहारु राम रामनामी, केदार खांडे, अशोक बघेल तथा संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

### सांसद सोनी ने किया सौंदर्यीकरण का लोकार्पण



**रायपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड कचना में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अटल चौक का सौंदर्यीकरण व हमर कचना लाइट बोर्ड तथा नेकी की दीवार का लोकार्पण सांसद सुनील सोनी व धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा, पार्षद गोपेश, राकेश यादव एवं रोबिन साहू द्वारा किया गया। इसी दौरान सांसद श्री सोनी ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और उसके लाभ को जनता को बताया। साथ ही वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने आंगनबाड़ी में पंखा वितरण किया।

### जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण की समीक्षा बैठक




**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी मैदान कांग्रेस भवन में मासिक बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के 138वीं स्थापना दिवस पर नागपुर में होने वाला सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होने, कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर जिला व ब्लॉक मुख्यालय में ध्वजारोहण करने और डोनेट फॉर देश के लिए राशि इकट्ठी करने के संबंध में चर्चा की गई। साथी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि विधानसभा व लोकसभा के चुनाव में वीवीपैट की गिनती किया जाए। सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समिति गठन करने निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री दीपक दुबे, महामंत्री गंभीर ठाकुर, पंकज शर्मा, नंदलाल देवागन, योगेंद्र सोलंकी, कृपाराम निषाद आदि उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता सरगुजा यात्रा निकाली

**रायपुर।** प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज के नेतृत्व में सरगुजा संभाग में यादवीय एकता अखंडता के लिए तीन दिवसीय 16 से 18 दिसंबर तक सामाजिक समरसता सरगुजा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ से यादव शामिल हुए। यात्रा को प्रारंभ दुर्ग बस स्टैंड से विधायक गजेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मुख्यमंत्री ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की स्मृति नई पीढ़ी में गौरव का भाव भरेगी

# अपनी जान पर खेलकर दूसरों की जान बचाने वाले वीर बच्चों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

■ वीर बालक-बालिकाओं को राज्य शासन की ओर से 50-50 हजार देने की घोषणा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के राज्य अतिथि गृह पहुना में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 4 वीर बालक-बालिकाओं को उनके साहसिक व वीरतापूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कोरबा के अमर ज्योति जाहिरे, महासमुंद की छाया विश्वकर्मा, धमतरी की जानवी राजपूत और धमतरी के भामेश्वरी निर्मलकर को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की और राज्य शासन की ओर से चारों वीर बालक-बालिका को 50-50 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की।

गौरतलब है कि 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादों की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वीर बाल दिवस के अवसर पर बलिदानी 4 वीर साहिबजादों को नमन करते हुए कहा, उनकी शहादत हमें प्रेरित करती है। वीर साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देना स्वीकार किया। उन्होंने सम्मानित चारों वीर बालक-बालिकाओं के साहसिक कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा, जान की परवाह किए बिना इन बच्चों ने अपने परिजनों व साथियों का जीवन बचाया है।

**अदम्य साहस से प्रेरणा मिलेगी- सक्सेना :** छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संरक्षक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि हम लगातार दूसरे वर्ष वीर बालकों का सम्मान कर पा रहे है। बच्चों ने अपनी बुद्धिमता, सक्रियता और साहस का परिचय देते हुए अपनों की जान बचाई है। निश्चित ही अन्य बच्चों को भी इनके अदम्य साहस से प्रेरणा मिलेगी।

**हमारे गुरुओं ने सिखाई शहादत- अमरीक :** सिख ग्रंथी अमरीक सिंह ने उन साहिबजादों का जीवन परिचय दिया, जिनकी स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि हमारे गुरुओं ने हमें शहादत सिखायी है और आज भी धर्म की रक्षा के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने वीर बालक-बालिकाओं को बधाई दी।

### मुख्यमंत्री ने शदाणी दरबार में टेका मत्था



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मंगलवार को पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में शदाणी शिरोमण्डल और रायपुर सिंधी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने जय-जय सदाराम घोष के साथ कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे यहां आने और पूज्य गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, शदाणी दरबार आध्यात्मिक शक्ति का केन्द्र है और जो भी यहां सच्चे मन से मत्था टेकता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने कहा, शदाणी दरबार के आशीर्वाद से ही मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है। मैं यह प्रार्थना करता हूं कि शदाणी दरबार मुझे इतनी शक्ति दे कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनाव के समय की गई गारंटियों को शत-प्रतिशत पूरा कर प्रदेश की जनता के अटूट विश्वास पर खरा उतर सकूं। उन्होंने समाज द्वारा किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने शदाणी दरबार पहुंचकर सबसे पहले संत सदाराम की समाधि पर जाकर मत्था टेका और शदाणी दरबार में धुनी वाले महादेव साहेब की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर शदाणी दरबार तीर्थ के प्रमुख संत युधिष्ठिर लाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, अमित चिमनानी, शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी, डॉ. भीष्म शदाणी, सिंधी समाज के विभिन्न फोरम के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित थे।*

### भाजपा सरकार हसदेव अरण्य में पेड़ कटवा रही



*रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जब विधानसभा के चुनाव हो रहे थे, तब राहुल गांधी ने कहा था ईवीएम पर बटन कमल का दबेगा, तो वीवीपैट से अडानी निकलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यह कथन सत्य साबित होने लगा है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को संवर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौंपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी, हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी सरकार के पाप को छुपाने के लिये कहते हैं, हसदेव में कटाई के आदेश पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिये थे। हकीकत यह है कि यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृति केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था। कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था। केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31 अक्टूबर 2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माइंस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था। राज्य सरकार ने लेमरू एलिफेंट कारीडोर में आवंटित कोयला खदानों के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प पारित किया था। भाजपा सरकार के बनते ही हसदेव में वन की कटाई से इस सरकार की नीयत और भविष्य की कार्ययोजना की स्पष्ट झलक है।*

## शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग, मुख्यमंत्री साय से मिले अतिथि शिक्षक



*रायपुर। विद्या मितान राज्य अतिथि शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विद्या मितान अतिथि शिक्षकों के शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग करते हुए संबंधित दस्तावेज सौंपे। प्रदेशभर के राज्य अतिथि शिक्षक शिक्षा विभाग में संविलियन की लंबित मांग को लेकर मुखर होने लगे हैं। प्रदेश में नई सरकार बनते ही राज्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र दास वैष्णव, उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष किरण तिवारी, सचिव राकेश राय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी लंबित मांग के प्रति आकर्षित करते हुए बताया, साल 2016 में बस्तर और सरगुजा के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने विद्या मितान शिक्षक की व्यवस्था की गई। वर्ष 2019 में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणापत्र में विद्या मितान राज्य अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का वादा किया, पर नियमितीकरण न करके मात्र स्थायित्व प्रदान किया गया।*

## आयोग के गठन से सेवाभावी कार्यों को मिलेगी गति

रायपुर। नगर की सामाजिक संस्थाओं ने मंगलवार को सामाजिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रमुखों, महिला प्रमुखों और समाजसेविका शामिल हुए। इस मौके पर सिंधी समाज की महिलाओं की संस्था 'सुहिणी सोच' की माही बुलानी ने कहा कि समाजसेवा के कार्य सभी संगठन और संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर करते हैं। इसके सकारात्मक परिणाम तो आते हैं, लेकिन उस स्तर पर नहीं, जिसकी उम्मीद की जाती है। महाराष्ट्र मंडल की पहल पर सरकार आयोग का गठन करती है तो सामाजिक कार्यों को गति मिलेगी। नगर की सामाजिक संस्थाओं ने महाराष्ट्र मंडल के प्रस्ताव को सराहनीय बताया और कहा कि समाजसेवी संगठनों के आयोग गठन से सेवाभावी कार्यों को गति मिलेगी। इससे सेवा का सही लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच सकेगा। महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि मंडल अध्यक्ष अजय काले ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें सामाजिक संस्थाओं के आयोग गठन को लेकर चर्चा की और लिखित प्रस्ताव भी दिया। वहीं विभिन्न समाजों के प्रमुखों, महिला प्रमुखों ने मंडल के इस प्रस्ताव की सराहना की है। सभी संस्था प्रमुखों का कहना है कि नया सामाजिक आयोग बनने से प्रदेश में जागरूकता अभियान के सार्थक नतीजे निकलेंगे।



# दो पाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर केंद्र की योजनाओं से अवगत हुए वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन नगर निगम के जोन 8 स्थित दो वार्डो में मंगलवार को किया गया। इस मौके पर माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा स्थित गिरिजाशंकर स्कूल में पहली पारी में लगाए गए शिविर में लोगों ने पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना का हितग्राही बनने शिविर स्थल पर निर्धारित फार्म में आवेदन जमा कराए। दूसरी पाली में संत रविदास वार्ड के सरोना स्थित सामुदायिक भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, वार्ड पार्षद बीरेंद्र देवांगन, राजेश सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद ओंकार बैस प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

केंद्र की योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों तक पहुंचाने और आम जनता को जनहितैषी कार्यक्रमों की जानकारी देने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन वार्ड 69 और वार्ड नंबर 70 में किया गया। इस मौके पर दो पाली में लगाए गए शिविरों में 1685 नागरिकों का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सक परामर्श के साथ दवाइयां वितरित की। बीपी, शुगर और आंखों की जांच कराने लोग कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचे। बारी-बारी से शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के 775 हितग्राही लाभान्वित

माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा स्थित गिरिजाशंकर स्कूल और सरोना के सामुदायिक भवन में पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े 775 हितग्राहियों को पारंपरिक व्यवसाय बढ़ाने ऋण की राशि प्रदान की गई। शिविर स्थल पर लोगों ने अपनी सफलता से जुड़े अनुभव साझा करते हुए मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपनी सफलता की कहानी सुनाई। दो अलग-अलग वार्ड में 111 लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा क्विज में भाग लेने उत्साह दिखाया।

### आधारकार्ड में संशोधन और आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे

रायपुरा, अमलेश्वर सहित आसपास की कालोनियों से लोग परिवार के साथ आधारकार्ड में नाम जुड़वाने और संशोधन कराने शिविर स्थल पर पहुंचे। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाए गए स्टाल पर भी लोगों की भीड़ नजर आई। निर्धारित फार्म के साथ आवश्यक जानकारी लेकर स्पाट पर ही नए आयुष्मान कार्ड बनाने की औपचारिकता पूरी की गई। शिविर में निराश्रित, विधवा, दिव्यांग और परिवार सहायता योजना के तहत पेंशन पाने आवेदकों को आनलाइन फार्म भराए गए। इसके साथ पीएम उज्ज्वला योजना के हितग्राही भी शिविर में शासन की योजना का लाभ उठाने पहुंचे।
शिविर में नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर टावरे, सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव सहित जिला प्रशासन, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विश्व बैंक परियोजना : सात निकायों ने जीआईएस बेसमैप का नहीं कराया अप्रूवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्रदेश के 46 निकायों में चल रहा है सर्वे
■ दो निगम, पांच परिषद का काम अधूरा

छत्तीसगढ़ में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत 46 नगरीय निकायों में संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जी ए स आ ई मैप एवं डिजिटल डोर नंबर लगाने का काम किया जा रहा है। यह काम वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूरा किया जाना है, लेकिन राज्य के सात नगरीय निकायों ने इस कार्य से संबंधित जीआईएस मैप का अप्रूवल अब तक नहीं कराया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इन निकायों से कहा है कि पांच दिनों के भीतर ये काम पूरा करें।

### ये है विश्व बैंक परियोजना

विश्व बैंक परियोजना के तहत राज्य में निकाय की सीमा, वार्ड की सीमा, लैंडमार्क, मेजर रोड, माइनर रोड, पानी टंकी, तालाब, हास्पिटल आदि का जीआईएस बेसमैप तैयार किया जाना है। क्रियान्वयन एजेंसियों ने यह काम पूरा करने के बाद हार्डकापी और सॉफ्टकॉपी संबंधित निकायों में जमा कराई है, लेकिन निकाय को इसका परीक्षण करना है। बताया गया है कि राज्य के सात निकायों ने अब तक जीआईएस बेस मैप का एप्रूवल का काम पूरा नहीं किया है।

### इन निकायों का काम अधूरा

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने इस मामले में उन निकायों को निर्देश जारी किया है, जहां काम अधूरा है। इन निकायों से कहा गया है कि वे पांच दिनों के भीतर जीआईएस बेस मैप का काम पूरा करें, ताकि विश्व बैंक परियोजना का काम समय पर पूरा किया जा सके। जिन निकायों का काम अधूरा है, उनमें नगर पालिका निगम धमतरी, भिलाई चरोदा, नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार, भाटापारा, कुम्हारी, दीपिका और मनेंद्रगढ़ शामिल हैं।

### राष्ट्रीय रैली के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में बनी रणनीति

# नागपुर रैली में छत्तीसगढ़ से जाएंगे हजारों कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में 'हैं तैयार हम' राष्ट्रीय रैली के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में नागपुर की महारैली के संबंध में तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। छत्तीसगढ़ से 25000 से अधिक कांग्रेसी रैली में शमिल होने जायेंगे।

कांग्रेस स्थापना के 138 साल पूर्ण होने पर होने वाली रैली को सफल बनाने कांग्रेसी अपने-अपने साधनों से नागपुर जाएंगे। बताया गया है कि रैली में शामिल होने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 27 दिसंबर को यहां से नागपुर रवाना होंगे। सभी से अपील की गई है कि अपने-अपने साधनों से वहां पहुंचें। बैठक में समन्वयक डॉ. शिवकुमार डहरिया, मोहम्मद अकबर शामिल हुए। सदस्य मलकीत सिंह गैदू, गुरुमुख सिंह होरा, अरुण सिंघानिया, गिरीश देवांगन और सुबोध हरितवाल उपस्थित थे।

### शहर जिला और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता जाएंगे

इधर कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर नागपुर में होने वाली विशाल रैली की तैयारी को लेकर शहर कांग्रेस ने कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आवश्यक बैठक की। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर 28 दिसम्बर को नागपुर में दोपहर 2 बजे विशाल रैली होगी। बैठक में रायपुर शहर विधानसभा प्रभारी महेंद्र गंगोत्री ने रैली को सफल बनाने शहर के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को बड़ी संख्या मे पहुंचने व रैली को सफल बनाने की अपील की। शहर अध्यक्ष द्वारा सभी ब्लॉक अध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि अपने अपने ब्लॉकों से बड़ी संख्या में नागपुर रैली में पहुंचे।

## जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आकाशवाणी की झुग्गी बस्ती में मंगलवार को ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी ने कहा, सिंधी काउंसिल लगातार हर जरूरतमंद को जरूरी वस्तुएं उपलब्ध कराता रहता है। अभी ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया जा रहा है। यह कंबल वितरण कांतादेवी सवानी रायपुर, हरिराम सिदारा बिलासपुर, हीरालाल पंजवानी रायपुर की स्मृति में किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि लगातार चार दिन तक अलग-अलग झुग्गी बस्तियों में कंबल वितरित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद आरोपी के पिता ने दी धमकी

**रायपुर।** हत्या के आरोप में जेल में बंद आरोपी के पिता ने प्रार्थी पक्ष को जान से मरवा डालने की धमकी दे दी। सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपी महेश नेताम के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी के बेटे ने सप्ताहभर पहले प्रार्थी के भाई की न्यू राजेंद्र नगर इलाके में चाकू मारकर हत्या कर दी थी। प्रार्थी शशि भूषण ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसको लेकर आरोपी के परिजन नाराज थे। मंगलवार की सुबह साढ़े छह बजे आरोपी के पिता ने शशि के घर सामने आकर उसे मरवा देने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### अलाव जलाने लकड़ी नहीं दी तो सिर फोड़ दिया

**रायपुर।** ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने लकड़ी देने से इनकार करने पर आरोपी चौकीदार ने फल दुकानदार की पिटाई कर दी। खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी साकिर अली सुबह के वक्त श्रीरामनगर गया था, जहां आरोपी से लकड़ी नहीं देने पर विवाद हो गया। नौबत मारपीट तक पहुंचने के दौरान आरोपी के कुछ अन्य साथी भी वहां आ गए और उसका सिर फोड़ दिया।

## निधन

### उमेश साहू

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम मोखा निवासी उमेश कुमार साहू 55 वर्ष का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। जहां स्वजातीय सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### संजय अंगारे

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत खुटेरी-भट्ट निवासी संजय कुमार अंगारे 40 वर्ष का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। वे वर्तमान सरपंच राधिका अंगारे के पति थे।



### रूमलाल यादव

**बालोद।** ग्राम टेकापार निवासी रूमलाल यादव 76 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भूशण, उमेश, विनोद, राकेश, सुनील यादव के पिता थे।



# कुर्मी आइडल की एकल और युगल नृत्य स्पर्धा में बेटियों ने बाजी मारी

**22वां कुर्मी संझा व प्रदेश स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन कुरुद में संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के 13वें प्रांतीय अधिवेशन व 22वें कुर्मी संझा का आयोजन कुरुद जिला-धमतरी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुर्मी आइडल नृत्य 2023 का भी आयोजन किया गया। शनिवार व रविवार को संध्या 6 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में सामाजिक प्रतिभाओं का आडिशन लेकर कुल 20 एकल-युगल प्रतिभागियों व 12 सामूहिक प्रतिभागियों का चयन किया गया था। इस नृत्य स्पर्धा में एकल-युगल में प्रथम 11, 111 रूपए-मौसमी देशमुख चंगोरी दुर्ग, द्वितीय 7,777 रू. रिया कश्यप तखतपुर बिलासपुर, तृतीय 5555 रू. अनन्या चंद्रा दुर्ग, चतुर्थ 3.333 रू. मिनाक्षी गौतम चिखली गनियारी दुर्ग, पंचम 2.222 रू.



पूरन बैंस सिहाद भखारा धमतरी व विनर शिल्ड मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। वही. समूह में प्रथम 15555 रू. पूनम देशमुख लिक्खू व साथी बिरेझर अछोटी सुरेगांव दुर्ग, द्वितीय साक्षी देशमुख, यामिनी, भूमिका, पलक, युक्ति, शिवानी जगन्नाथपुर बालोद, तृतीय भामिनी देशमुख एवं साथी कोड़ियाडीह दुर्ग चतुर्थ अनिता चंद्राकर व साथी कुरूद जिला-धमतरी पंचम रेशमा देशमुख, साधना, योगिता, अनामिका, रेशमा, सोनम खर्रा बालोद व विनर शिल्ड मेडल प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज व सांसद दुर्ग विजय बघेल के मागदर्शन व प्रदेश युवा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योगेश्वर देशमुख के नेतृत्व और प्रदीप देशमुख कोठिया के संयोजन में संपन्न हुआ।

## प्रवचन : भगवान की लीला होती है कल्याणकारी

# टिकरी में शिव महापुराण कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

महावीर महिला समिति द्वारा ग्राम टिकरी में आयोजित शिव महापुराण में भगवत संबंधी प्रश्नों के उत्तर में शंकरानंद शर्मा ने बताया कि जब से प्राणी भगवान का अर्चन स्मरण आरंभ करता है, तभी से प्राणी का प्राकृत भाव नष्ट होने लगता है और भगवत स्वरूप भूत अप्राकृत, रसात्मकता आ जाती है। ब्रज कुमारीकाये युगों से श्रीकृष्ण प्राप्ति के लिए तप ध्यान कर रही थी। बहुत अंशों में उनका प्राकृत तत्व नष्ट हो चुका था, अप्राकृत रसरूपता भी उनमें बहुत अंशों में आ गयी थी। तथापि अभी वह सब अपूर्ण ही था। भगवत सम्मेलन की उत्कट उत्कंठा और ध्यान में सम्मिलन परिरम्य भणादिजन्य रस के आसवादन से रसमय देहइंद्रिय मन और बुद्धि की पुष्टि होती है।

कथाकार ने कहा श्रीकृष्ण लीला कृष्ण के लिए ही है, किसी दूसरे के लिए नहीं है। जैसे अग्नि के समान कोई सर्वभक्षी नहीं हो सकता। कृष्ण के समान गोवर्धन नहीं उठा सकता। रुद्र के समान कालकूट ग्राही नहीं बन सकता। वैसे ही चीर हरण और रासलीला का भी आचरण कोई नहीं कर सकता, यदि मूर्खता से कोई करेगा तो अवश्य ही उसका सर्वनाश हो जाएगा। शास्त्र विरुद्ध श्रेष्ठों के चरणों का अनुकरण कदापि नहीं करना चाहिए।

श्रुति ने कहा है वहीं कार्य किसी के लिए अदोषावह होता है। ऋषभदेव के लिए अवधूत चर्या ठीक है, परंतु औरों के लिए वही अनुचित है, वैसे ही कृष्ण लीला कृष्ण के लिए उत्तम है, दूसरों के लिए अनुकरणीय नहीं है, दूसरे तो यही शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं कि परम सुंदरी ब्रज आंगन आए उनके सम्मुख निर्वस्त्र आए तब भी वह ब्रह्मचर्य और मन की स्थिरता को बना करके सुख प्रदान करते रहे।



## जीवन का सदुपयोग करें : प्रमिलाश्रीजी

■ नगर के जैन सभागार में महासती प्रमिलाश्रीजी मसा ने अपने दिव्य व आध्यात्मिक विचार सुनाएं

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में सोमवार को युगप्रधान आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या महासती प्रमिलाश्रीजी मसा ने अपने दिव्य व आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस अमूल्य मानव भव को कौड़ियों के मोल न बेचे। इसका सदुपयोग करें। जीवन के अंदर निरन्तर सद अनुष्ठान के कार्य चलते रहने चाहिए, जिससे पाप के गेट स्वयमेव ही बंद हो जाए। जब तक पाप के गेट बंद नहीं होंगे, तब तक मोक्ष के गेट भी खुलने वाले नहीं है। संसार के अंदर लिफ्ट व कार के गेट को बंद करने के बाद ही आगे की मंजिल की ओर जाया जाता है।घर, मकान, तिजोरी आदि की सुरक्षा के लिए उसके गेट बराबर बंद किए जाते हैं। इन सांसारिक गतिविधियों के अंदर हमको बहुत ही अच्छे से पता है कि गेट को कैसे व कब बंद करना है, परन्तु आध्यात्मिक दृष्टिकोण में ऊपर उठने के लिए पाप के गेट को सही तरीके से बंद नही कर पाते हैं। चिंतन कीजिए फिर आत्मा का कल्याण कैसे होगा। अपने दिनभर की क्रियाओं का चिन्तन करना है कि पाप ज्यादा हो रहे हैं कि पुण्य। सुबह उठने के साथ ही पाप का निवेश शुरू हो जाता है। निश्चित ही सुबह उठने के साथ ही साथ पाप क्रियाएं भी शुरू हो जाती है। विषयों के आकर्षण शुरू हो जाते हैं। छोटे-छोटे पृथ्वीकाय, वायुकाय, तेउकाय के जीवों की विराधना के कार्य शुरू कर दिए जाते हैं। वहीं यदि सामायिक संवर स्वाध्याय आदि से सुबह की शुरुआत होती है तो यहां पर पुण्य का निवेश शुरू हो जाता है। दिनभर की गतिविधियों में पाप का इन्वेस्ट ज्यादा होता है।पुण्य का इन्वेस्ट कम होता है। क्योंकि धर्म की क्रियाओं में व्यक्ति का मन नहीं लगता है या इंटरेस्ट नहीं होता है। ज्ञानीजन कहते हैं कि वर्तमान में किए जा रहे पाप के फल कभी न कभी तो मिलने ही वाले हैं, यह कर्मसत्ता राजा रंक किसी को भी नहीं छोड़ने वाला है। आगमों में वर्णन मिलता है कि भगवान महावीर हो या राजा श्रेणिक सभी के कर्म उदय में आए थे व उनके किए गए पाप कर्म उन्हें ही भोगने पड़े थे। जितना पाप करते हैं उससे अधिक भोगने पड़ते हैं। पाप के कार्य तो थोड़े से कम समय के लिए होता है, पर उसका भुगतान ज्यादा और अधिक समय के लिए भोगना पड़ता है।

## पन्नालाल की स्मृति में 47 निराश्रितों को राशन वितरीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

समस्त ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी रिसामा के तत्वावधान में स्व. पन्नालाल चन्द्राकर पिता स्व. दाऊ लखन लाल चन्द्राकर के 43वां स्मृति दिवस समारोह मनाया गया। स्व. चन्द्राकर का जन्म 05.05.1940, अवसान-16.12.1980 की स्मृति में लखनलाल चन्द्राकर द्वारा निराश्रितों के लिए ग्राम पंचायत रिसामा को 25 एकड़ कृषि भूमि का 25 दिसंबर 1980 को भूदान किया गया था। स्मृति दिवस के अवसर पर गांव के 47 निराश्रित लोगों को राशन समाग्री व साल से सम्मानित किया गया। स्मृति दिवस के अवसर पर जय छत्तीसगढ़ बालक राम धुनी मंडली देवरी भखारा वाले की प्रस्तुती दी गई। कम से कम हजारों कि संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, चित्रलेखा चन्द्राकर सहपरिवार विशेष अतिथि अध्यक्ष-जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव , अध्यक्ष-जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़, सभापति-जिला पंचायत दुर्ग योगिता चन्द्राकर, उपाध्यक्ष-श्रम कल्याण मंडल केशव (बन्टी) हरसुख, सदस्य-जनपद पंचायत दुर्ग लेखन साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, दुर्ग ग्रामीण पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, घनश्याम चन्द्राकर,चन्द्रकुमार चन्द्राकर , लवकुश चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत रिसामा गीता बैकुंठ महानद, उपसरपंच राजेश पाण्डेय, देवेंद्र चंद्राकर, नरेंद्र, तीर्थ राज चंद्राकर, कमलेश ,नवनीत,प्रकाश, संदीप,रश्मी,लता,ऋतु,प्यारी,टामीन , रोशन,योगेंद्र साहू,नोहर साहू ,सरपंच प्रतिनिधि बैकुंठ महानंद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लाक के ग्राम टेगना में हल्बा समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास धूमधाम के साथ शक्ति दिवस मनाया गया।

समाज कीमहिलाएं सिर में कलश लेकर बाजे-गाजे के साथ गांव में भ्रमण किया। साथ ही हल्बा समाज द्वारा सर्व समाज को शक्ति कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआर काण्डेय थे। अध्यक्षता महेश राम बढ़ई ने किया। विशेष अतिथि मनोहर किशोर, अली राम बढ़ई, डिलेश्वर सिन्हा, खम्हन सिन्हा, मानूराम सिन्हा, ऐनू राम ठाकुर, हरिश्चंद ठाकर, नेता ठाकुर, विक्रम ठाकुर रहे। वहीं लोगो के मनोरंजन के लिए फुलकेना कार्यक्रम आयोजित किया गया था।



### ऑटो में महिला के गले से सोने की चेन पार

**रायपुर।** ऑटो में सफर के दौरान महिला की व्यस्तता का फायदा उठाकर किसी ने उसके गले से पचास हजार रुपए कीमत की सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया। भिलाई में रहने वाली अमृतबाई की शिकायत पर कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। महिला किसी काम से रायपुर आई थी और वापस भिलाई जाने बस पकड़ने ई-रिक्शा में बैठकर सत्ती बाजार से बस स्टैण्ड भाठागांव जा रही थी, इसी दौरान यह घटना हो गई।

## पेज 9 के शेष


### गांव-गांव पहुंच रहा...

आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम निपानी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 12 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत 06 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कुंआगांव में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 166 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 07 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत 01 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 18 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 01 किसानों का आवेदन लिया गया। इसी तरह ग्राम मनकी सा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 159 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 03 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

### शीतला माता मंदिर...

सह संयोजक बलराम गुप्ता लगातार प्रखंडों में दौरा कर बैठक ले रहे है। वहीं कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी क्रम में बालोद जिला के 5 प्रखंड व 2 नगर केंद्रों को अक्षत कलश का वितरण कर दिया गया है, वहीं अयोध्या नगर से प्रभु श्रीरामजी का फोटो व आमंत्रण भी जिला को प्राप्त हो गया है, जिसका वितरण प्रारंभ हो गया है। शोभायात्रा के संबंध में विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री राज सोनी ने बताया कि शोभायात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर राजहरा तिराहा, घड़ी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, सदर मार्ग, मधुचौक, जयस्तंभ चौक होते शीतला मंदिर में समाप्त होगा।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### निर्वाचक नामावलियों को लेकर कल बैठक

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के संबंध में 29 दिसम्बर शुक्रवार को दोपहर 01 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

### लेखा समाधान की बैठक कल

**बालोद।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के परिणाम की घोषणा के पश्चात प्रत्याशियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत किए जाने लेखा समाधान की बैठक 29 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में बैठक आयोजित गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि उम्मीद्वारों द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय के खातों के विवरण की जांच व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाना है। उन्होंने बैठक में सभी संबंधितो को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने को कहा है।

### बच्चों ने जाना लोकल फॉर वोकल का महत्त्व

**बालोद।** शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा दुधली में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय बालोद में कलेक्टर सहअध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति और प्राचार्य साधना अनुपम दलेला के मार्गदर्शन में एक दिवसीय आउट डोर प्री-वोकेशनल स्टडी का आयोजन किया गया। जिसमें बोरई नवोदय के भूतपूर्व छात्र शिवचरण साहू द्वारा दुधली नवोदय में अध्ययनरत बच्चों को काष्ठ कला की जानकारी दिया गया। कला के क्षेत्र में रोजगार के अवसर और लोकल फॉर वोकल का महत्त्व को प्राथमिकता से भविष्य में स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। शिवचरण साहू विज्ञान शिक्षक के रूप में मड़ानार कोंडागांव में पदस्थ है और एक अच्छे काष्ठ शिल्पकार है, उनकी शिष्या हायर सेकेंडरी स्कूल कन्नेवाड़ा की कक्षा 11वी कशिक द्वारा काष्ठ कलाकृति निर्माण की प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के बच्चों और शिक्षक नितिन भूतांगे, प्रतिभा जायसवाल, डॉ. राजेश सिंह, जागृति साहू, विश्वनाथ श्रीदास, हरेंद्र कुमार एवं बोरई के भूतपूर्व छात्र विकास भारतीय साहू का उत्साह के साथ विशेष योगदान रहा है।

# गुरु घासीदास जयंती समारोह में पंथी नृत्य का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सांकरा ज तहसील बालोद में सृष्टि के मूल स्तंभ रचनाकार संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास जी के 267 वीं जयंती समारोह समस्त सतनामी समाज व ग्रामवासियों के सहयोग से मनाई गई। गुरु बाबा घासीदास जयंती पर्व व एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

**पंथी गीत-नृत्य की रही धूम :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सतनामी समाज बालोद संजय बारले रहे। गली कूचों से गुजरते हुए पंथी व डीजे के धुन में रैली निकाल कर नाचते गाते हुए समाज के लोगों ने बाबा जी के सत्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। जैतखाम पर पालो, हलधर महेश्वरी पुजारी गुरु आसन गद्दी व मुख्य अतिथि संजय बारले के द्वारा किया एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाध्यक्ष







संजय बारले व अध्यक्षता कर रहे संरक्षक जिला सतनामी समाज व संत गुरु घासीदास प्रबंध समिति गौरैय्या धाम चौरेल पवन जोशी व विशिष्ट अतिथि संरक्षक जिला सतनामी समाज बालोद अशवन बासले सहित समाज व ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**इन दलों को मिला पुरुस्कार :** एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता में कुल 12 दलों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पंथी नर्तक दल ग्राम गोडेला जिला बालोद, द्वितीय स्थान मुंदगांव जिला राज नांदगांव, तृतीय स्थान बालिका पंथी पार्टी पांढे टोला जिला राज नांदगांव, चतुर्थ स्थान पंथी नर्तक दल उतई जिला दुर्ग व पंचम स्थान ग्राम हथौद जिला दुर्ग रहा। बेस्ट ईनाम प्रथम मंचस्थ मंडली के रुप में ग्राम हसदा –02, बेस्ट वादक थनौद, बेस्ट गायन थनौद दुर्ग, पेंडरवानी बालोद, मिनार गोडेला बालोद, बेस्ट नृत्य उतई दुर्ग, बेस्ट अनुशासन पांढे टोला राज नांदगांव, बेस्ट वेशभूषा मुंदगांव राजनांदगांव व बेस्ट दर्शक श्रीमति शशीकला महेश्वरी रही।

## आयोजन : कामता प्रसाद शरण के भजनों में झूमे ग्रामीण

# ग्राम चीचा अर्जुन्दा में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चीचा अर्जुन्दा में स्वर्गीय नकुल राम सिन्हा की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन भजन का आयोजन बाजार चौक चीचा में संपन्न हुआ। आयोजक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया की कथा वाचक कामता प्रसाद शरण थे। हरीनाम संकीर्तन का आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 से 12.30 व दोपहर 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित किया गया। कामता प्रसाद शरण के द्वारा मानस गान एवं हरिकीर्तन के माध्यम से गांव-गांव शहर-शहर में प्रभु श्रीराम के आचरण, हिंदू सनातन धर्म, संस्कृति को बनाए रखने के लिए श्रोताओं को प्रेरित किया गया।

महराज के श्री मुख से तीन दिवसीय कार्यक्रम में हरी नाम कथा के साथ-साथ हिंदू सनातन धर्म के प्रचार प्रसार, धर्म परिवर्तन के बारे में बताया। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि ग्राम चीचा में आज भी जिनके यहां कन्या जन्म होता है तो ग्राम चीचा के युवाओं द्वारा, कन्या के माता-पिता को सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में राजेश सिन्हा ने सभी श्रोताओं के लिए भोजन की थाली और गिलास आदि की व्यवस्था की। वहीं जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए बर्तन दान किया। श्री सिन्हा ने बताया कि हमारा उद्देश्य कि सनातन धर्म की रक्षा करना एवं सनातन धर्म की राह पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करना, परिवार समाज गांव के साथ मिलकर जीवन शैली को सहज और सरल बनाना है। कार्यक्रम में गोकुल सिन्हा, विनय साहू, तेजराम सिन्हा, प्लेन साहू, पुरूषोत्तम, चन्द्रहास साहू, रेखा सिन्हा, हीरा बाई, धनसिंग यादव, डागेन्द्र, हेमंत, चंदन, दीपक, निखिल सहित समस्त ग्रामवासी चीचा का सहयोग रहा





## गोलछा परिवार ने 210 लोगों का कराया तीर्थ यात्रा

**जामगांव आर।** प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की निर्वाण धरा पालिताना शत्रुंजय तीर्थ 210 साधार्मिक सदस्यों को सर्व सुविधायुक्त यात्रा कराने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले नवागांव दुर्ग के पन्नालाल पारस बाई गोलछा का बहुमान पालीताना की पावन भूमि में जय जिनेन्द्र ग्रुप दुर्ग ने रजत मोमेंटो भेंट कर किया।

बहुमान समारोह में पन्ना पारस के साथ मांगीलाल, भंवरलाल, कंचन देवी निर्मला, रजनी ज्ञानचंद, संगीता, प्रकाशचंद, अंजू, कांतिलाल, वंदना, धनराज, मीतू, चेतन रेणुका, राकेश, अलका, फनिश, गौरव, शुभी, अविरल, ईशान, कल्प, अक्षत, अंशु सहित गोलछा परिवार सदस्य मंचासिन रहे। जय जीनेंद्र ग्रुप के पदाधिकारी महेंद्र दुग्गड ने कहा कि गोलछा परिवार धर्म के मर्म को बखूबी समझते हैं। पालीताना की सर्वसुविधा युक्त 210 लोगों को पूर्ण भक्ति भाव के साथ तीर्थ यात्रा कराना इस बात का खुला प्रमाण है।





धन के पीछे भागते हुए इस जमाने में बिरले लोग ही धन का सदुपयोग धर्म में इस ढंग से करके तीर्थ यात्रा कराके अनेक लोगों के सपना को साकार करने का पुण्य अर्जन कर पाते हैं। आचार व्यवहार की सज्जनता के साथ समाज में अच्छे मुकाम पर गोलछा परिवार का नाम समाज में गौरांवित है।

**यात्रा बनी यादगार :** वरिष्ठ तीर्थ यात्री शरद बाफना मांगीलाल चोपड़ा, रवि पाटनी, राकेश लोढ़ा, अजय देशलहरा, टीकम छाजेड़, गौतम कोठारी, केवल छाजेड़, पराग जैन, ऋषभ जैन ने कहा कि ऐसी सुंदर सुव्यवस्थित तीर्थ यात्रा करने का सौभाग्य पन्नालाल पारस बाई गोलछा परिवार ने 210 साधर्मिक लोगों को कराए तो जीवन यादगार यात्रा बन गई।

**धर्म यात्रा साथियों का व्यवहार सराहनीय :** आभार व्यक्त करते हुए भाइयों और संघपति पापा की लाडली गुंजन कोचर ने कहा कि संघ में आए सभी 210 सदस्यो ने सुव्यवस्था में अमिट यादगार। सराहनीय सहयोग देकर तीर्थ यात्र को सफल बनाएं काबिले तारीफ है वन्दनीय है। संघ पति गोलछा परिवार द्वारा हर संभव सुव्यवस्था का प्रयास किया गया फिर भी कुछ कमी रह गई हो तो उसके लिए क्षमा वीरो की भांति अपने उदार मन से अनुग्रहित करिएगा। संचालन महेंद्र दुग्गड ने किया। बुधवार दोपहर 210 धर्म यात्रियों का ग्रुप पालीताना से घर वापसी हेतु प्रस्थान किए।

# गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का बलिदान देश प्रेम का उदाहरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम गुरेदा में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया।


अपने माता–पिता गुरु और धर्म के संस्कारों के प्रति अडिगता के कारण बाल्यकाल में ही निर्ममतापूर्वक मार दिए गए दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की स्मृति में वीर वाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला।

- **रासेयो के शिविर में अतिथियों ने वीर बाल दिवस मनाने का गिनाया कारण**

इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि सिखों के अंतिम गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने अत्यंत कम उम्र में ही अकल्पनीय पीड़ा सही, किन्तु वे अपने सिद्धांतों के प्रति अडिग रहे और अपने माता–पिता के संस्कारों और धर्म को छोड़ने के बजाय मृत्यु को हंसते–हंसते अपना लिया। इतिहास की यह घटना बहुत ही क्रूरतम रही, किन्तु हम इस घटना में बलिदान हुए हमारे वीर बालकों से अपरिचित थे। उन्होंने अपना सर्वोच्च त्याग किया। हमारे इतिहास की घटना से हमें अपरिचित रखने का प्रयास किया गया, किन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन साहबजादों के बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने का आह्वान किया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रासेयो संजय शुक्ला, छतीसगढ़ राज्य प्राकृतिक चिकित्सा संयोजक डॉ. मेघराज साहू, भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान आईएनओ डॉ. निर्मला गुप्ता, सहायक जिला संयोजक आईएनओ अविनाश, विजिवल आर्ट तोरण कुमार कुंभकार, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग मोहित साव, कमलेश पाण्डेय व समस्त स्वयंसेवक उपस्थित थे।









# नगर में 31 को निकाली जाएगी अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में 31 दिसंबर को कलश यात्रा निकाल कर हर गांव में अक्षत कलश का वितरण किया जाएगा। पूरे जिले में हिंदू धर्म समाज में बहुत उमंग व्याप्त है, माताएं, बहने व समस्त हिंदू धर्म सेवक बहुत ही उत्साहित हैं। पूरे गुरुर ब्लॉक के हिंदू संगठन, मंदिर समिति, व महिला समिति सभी गांव, नगर व वार्डो में तैयारी कर रहे हैं। आयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को श्री राम एवं माता जानकी जी विराजमान होंगे। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे गुरुर ब्लॉक में तैयारी जोरों से चल रही है।



आयोजन को लेकर राम जन्म भूमि तीर्थ घर–घर संपर्क कर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा लगातार प्रखंडों में दौरा कर गांव–गांव में बैठक ले रहे हैं, वहीं कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे हैं। हिंदू संगठन के सभी साथी व पदाधिकारी जयंत साहू, चौलेष देशमुख, राकेश साहू, लोकेश साहू, बंटी गंजीर, नूर सिंह साहू, हरीश टुवानी व एवं समस्त नगर वासी, ग्रामवासी अपने प्रभु श्री राम के नव निर्मित मंदिर में विराजमान होने पर बहुत ही हर्षित व गर्वित है।




### बाइक से कट मारी, फिर पिटाई भी कर दी

**रायपुर।** सरस्वती नगर इलाके में बाइक से कट मारने के विवाद पर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। विकास नगर गुढ़ियारी में रहने वाला सुदामा कोटा रोड पर अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान आरोपी मोनू अपने साथी के साथ बाइक में वहां पहुंचा और सुदामा को कट मार दी। इस शरारत से सुदामा हड़बड़ा गया और उसने मोनू की करतूत का विरोध किया। आरोपी मोनू के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### गांजे की पुड़िया बेचते पकड़ा गया विक्रेता

**रायपुर।** रजबंधा इलाके में गांजे की पुड़िया बेचने की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी शेख इस्लाम को हिरासत में लिया है। आरोपी के पास से सौ ग्राम गांजा के अलावा डेढ़ हजार रुपए नकद भी बरामद किए गए। बताया जाता है कि आरोपी नशेड़ियों को गांजे की पुड़िया बेचता था। उसके खिलाफ थाने में पुराने मामले भी दर्ज हैं।

# जिला रोजगार कार्यलिय में आज लगेगा प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** जिले में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सुरक्षाकर्मियों की भर्ती हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में आज सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि सिक्यूरिटी जवान के 100 पदों के लिए ऊंचाई 160 सेमी, सीना 75–80 सेमी, वजन 50 किलोग्राम, शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवीं एवं इसके लिए निर्धारित आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तथा मासिक वेतनमान 9000 हजार से 11,000 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी जवान के 300 पद हेतु ऊंचाई 168 सेमी, सीना 77–82 सेमी, वजन 56 किलोग्राम, शैक्षणिक योग्यता दसवीं/बारहवीं एवं इसके लिए निर्धारित आयु सीमा 20 से 40 वर्ष तथा मासिक वेतनमान 10,000 हजार से 12,000 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद हेतु ऊंचाई 170 सेमी, सीना 77–82 सेमी, वजन 56 किलोग्राम, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं व ग्रेजुएट इसके साथ ही 02 साल का अनुभव, आयु सीमा 21 से 35 वर्ष तथा मासिक वेतनमान 11,000 हजार से 15,000 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि ईच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को किसी तरह का पंजीयन शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

